आचार संहिता

हम यहाँ Mastercard में जो काम करते हैं उस पर मुझे गर्व है, और उसे करने के तरीके पर भी मुझे गर्व है। नैतिक रूप से और ज़िम्मेदारी के साथ आचरण करना न केवल सही बात है, बल्कि यह व्यवसाय करने का सही तरीका भी है।

क्योंकि हम साथ मिलकर काम करते हैं, इसलिए हम सभी को यह याद रखने की ज़रूरत है कि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम अपना काम कैसे करते हैं और एक-दूसरे को कैसे सपोर्ट करते हैं। हम Mastercard जो कुछ भी करें, उसमें शिष्टता को हमारे मार्गदर्शक के रूप में उपयोग करना चाहिए।

शिष्टता, जवाबदेही और सत्यनिष्ठा की हमारी संस्कृति के निर्माण को जारी रखते हुए मैं आपसे प्रतिबद्धता का आग्रह कर रहा हूँ। अगर आप कुछ ऐसा देखते हैं जो आपको लगता है कि अनुचित, अनैतिक या गैर-कानूनी है, तो उसके खिलाफ आवाज़ उठाना इसमें शामिल है। हम बदले की भावना को सहन नहीं करते हैं।

कृपया समय निकालकर इस आचार संहिता का अध्ययन करें और इसे Mastercard की जाने वाली अपनी सारी गतिविधियों का हिस्सा बना लें। हमारी प्रतिष्ठा इसी पर निर्भर है।

— माइकल

हमारे सीईओ का पत्र

आचारनीति हेल्पलाइन का उपयोग करके प्रश्न पूछें और चिंताओं के बारे में बताएँ। देश-विशिष्ट डायलिंग निर्देश प्राप्त करने के लिए या वेब-आधारित सूचना देने के लिए www.mastercard.ethicspoint.com पर आएँ। ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

Mastercard के निदेशक मंडल की ओर से संदेश

आचार संहिता Mastercard की आचारनीति और अनुपालन प्रणाली की आधारशिला है और आचरण तथा व्यवसायिक आचारनीति के सिद्धान्तों को निर्धारित करती है। बतौर मंडल सदस्य, हम संहिता का अनुमोदन करते हैं और पूरी तरह समर्थन करते हैं। हमें अनुपालन पर आधारित Mastercard की संस्कृति पर गर्व है, जो ईमानदारी, शिष्टता, विश्वास और निजी जवाबदेही पर आधारित है, और हमें आशा है कि यह संहिता सत्यनिष्ठा के साथ व्यवहार करने के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगी।

©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

हमारी दृष्टि और Mastercard का तरीका

हमारी दृष्टि उस कार्य को परिप्रेक्ष्य में रखती है जिसे हम दैनिक रूप से करते हैं: हम अर्थव्यवस्थाओं को शक्ति दे रहे हैं और लोगों को सशक्त बना रहे हैं, एक स्थायी अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं जहां हर कोई समृद्ध हो।

हम अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करके अपना दृष्टिकोण हासिल करते हैं: भुगतान में विस्तार, सेवाओं का विस्तार और नए नेटवर्क को अपनाना। हमारी दृष्टि और रणनीति स्पष्ट है कि हम कहां जा रहे हैं। हम वहां कैसे पहुंचें वह Mastercard का तरीका है।

Mastercard का तरीका हमारी संस्कृति का हमारा कथन है: हम कैसे काम करते हैं और हम इस तरह क्यों काम करते हैं। इसमें तीन सिद्धांत शामिल हैं: मूल्य बनाएं, एक साथ बढ़ें, तेजी से आगे बढ़ें। ये सिद्धांत बताते हैं कि हम एक संगठन के रूप में कहां जा रहे हैं, हम एक साथ कैसे काम करते हैं और हम अपने ग्राहकों और एक-दूसरे के लिए कैसे काम करते हैं।

MASTERCARD का तरीका I **सिद्धांत और आदतें**

हमारे ग्राहकों और एक दूसरे के साथ

मूल्य बनाएं
बड़ी और साहसिक सोच रखें
इरादे के साथ नवाचार करें
स्केलेबल समाधान डिलिवर कर

एक साथ बड़े होना
अपना मतलब बताएं
विभिन्न दृष्टिकोणों को लाएं
एक दूसरे को महान बनने में मदद कर

तेज चलें
जो मायने रखता है उसे प्राथमिकता दें
जानें और उसी पर केंद्रित करें
परिणाम को स्वीकार करें

सही काम करें

शिष्टता • समावेशन • अच्छे पर जोर

आचारनीति हे पलाइन का उपयोग करके प्र न पूछें और चिंताओं के बारे में बताएँ। देश-विशि डायलिं निददेश प्राप्त करने के लिए या वेब-आधारित सूचना देने के लिए www.mastercard.ethicspoint.com पर आएँ। ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक षित।

विषय-सूची

1.	यह संहिता किस पर लागू होती है?	1
2.	उत्तरदायित्व की संस्कृति	1
3.	अपनी आवाज उठाएँ	2
4.	आपको कब अपनी आवाज उठानी चाहिए?	2
5.	प्रबंधकों के दायित्व	3
6.	हम एक-दूसरे का सम्मान करते हैं	3
7.	हम हितों के टकराव से बचते हैं	4
8.	भ्रष्टाचार-निरोध	5
9.	व्यवसायिक मेजबानी, भोजन और उपहार	6
10.	संबंधित पक्षों के साथ लेन-देन	7
11.	मनी-लॉन्डरिंग-विरोध, प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण	7
12.	हम ईमानदारी से सफलता हासिल करते हैं	8
13.	खाता-बही और अभिलेख	8
14.	राजनीतिक गतिविधियाँ	9
15.	कंपनी की संपत्तियों का रक्षण	9
16.	सूचना संपत्तियों का रक्षण	10
17.	भेदिया व्यापार	11
18.	हम एक स्वर में बोलते हैं	11
19.	निष्कर्ष	12
20.	संसाधन	12

आचारनीति हेल्पलाइन का उपयोग करके प्रश्न पूछें और चिंताओं के बारे में बताएँ। देश-विशिष्ट डायलिंग निर्देश प्राप्त करने के लिए या वेब-आधारित सूचना देने के लिए www.mastercard.ethicspoint.com पर आएँ। ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

यह आचार संहिता किस पर लागू होती है?

इस संहिता के किसी भी प्रावधान से संबंधित अपवादों के लिए मुख्य अनुपालन अधिकारी और जनरल काउंसेल या, कुछ निश्चित हालात में निदेशक मंडल की अग्रिम लिखित स्वीकृति की आवश्यकता होती है। निदेशकों या कार्यकारी अधिकारियों के लिए अपवादों को केवल निदेशक मंडल या इससे संबंधित अधिकृत समिति द्वारा ही स्वीकार किया जा सकता है। जारी किए गए किसी भी अपवाद को लागू कानून की आवश्यकता के अनुसार फ़ौरन सार्वजनिक किया जाएगा।

हमारी संहिता Mastercard के लिए काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर लागू होती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- दुनिया भर में Mastercard के कर्मचारी (हमारी अधिगृहीत कम्पनियों और सहायक कम्पनियों सहित)
- Mastercard निदेशक मंडल के सदस्य (जब वे बतौर निदेशक काम कर रहे होते हैं)
- Mastercard के अनिश्चित कर्मचारी (जब वे Mastercard की ओर से काम कर रहे होते हैं)

इस संहिता में और Mastercard की संबंधित नीतियों में वर्णित मानकों और कार्यविधियों का पालन करना कंपनी के साथ अपने रोजगार को जारी रखने की एक शर्त है। हमारी संहिता रोजगार का अनुबंध नहीं है, और यह कोई विशिष्ट रोजगार अधिकार या समय की किसी विशिष्ट अवधि के लिए रोजगार की गारंटी प्रदान नहीं करती है।

आपको इस संहिता के संबंध में प्रश्नों के लिए किसी भी समय कानून विभाग के किसी भी अटर्नी के साथ संपर्क करने के लिए प्रेरित किया जाता है। याद रखें, हमारे कानून विभाग में अटर्नी आपका नहीं बल्कि कम्पनी का प्रतिनिधित्व करते हैं। यद्यपि वे उस समय के हालात में यथोचित रूप से जिस हद संभव होगा, आप द्वारा साझा की गयी जानकारी को गोपनीय रखने का प्रयास करेंगे, लेकिन सिर्फ़ कम्पनी ही इन वार्तालापों को सार्वजनिक करने के संबंध में निर्णय ले सकती है।

उत्तरदायित्व की संस्कृति

अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के लायक उदाहरण

- कानून, इस संहिता या कम्पनी की अन्य नीतियों का उल्लंघन करना या किसी और को उल्लंघन करने के लिए कहना
- किसी ज्ञात या संदिग्ध उल्लंघन के बारे में सूचित न करना
- आचारनीति से संबंधित मसले या कानून, इस संहिता या कम्पनी की अन्य नीतियों के संदिग्ध उल्लंघन के बारे में सूचित करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करना
- कानून, इस संहिता या कम्पनी की अन्य नीतियों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए नेतृत्व-क्षमता और सतर्कता का प्रदर्शन करने में विफल रहना
- जानबूझकर झूठा आरोप लगाना
- किसी छानबीन में पूरी तरह सहयोग देने में विफल रहना

जानकारी रखें

आचार संहिता को तथा आपके कार्य की ज़िम्मेदारियों से सं बंधित कंपनी की दूसरी नीतियों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

समझें कि अपने कार्य में सं हिता को तथा कंपनी की दूसरी नीतियों को कैसे लागू करना है।

प्रश्न पूछें। यदि इस संहिता से सं बंधित आपका कोई प्रश्न है, तो यह आपका दायित्व है कि आप अपने प्रबं धक, मुख्य अनुपालन अधिकारी, वैश्विक आचारनीति और अनुपालन टीम के किसी सदस्य, जनरल काउं सेल या कानून विभाग के किसी भी अटार्नी, अपने पीपुल बिज़नेस पार्टनर या कर्मचारी सं बंध विभाग से पूछें। यदि आपका कम्पनी की किसी अन्य नीति केसं बंध में परश है, तो अपने परबं धक या नीति ि ामरक से पूछें। हब पर Mastercard की नीतियों की साइट पर जाकर आप पता कर सकते हैं कि परिक नीति के लिए कौनधधिमेदार है।

उत्तरदायी बनें

आपसे ही सत्यनिष्ठा का आरंभ होता है। आपके द्वारा किए जाने वाले सभी कार्य कानून, हमारी संहिता और हमारी दूसरी नीतियों के अनुरूप होने चाहिए।

समय से अपना अनुपालन प्रशिक्षण पूरा करके अपने दायित्वों को समझें। इसके अलावा, आपको वार्षिक रूप से संहिता के अनुपालन की समीक्षा करनी है तथा उसे प्रमाणित भी करना है।

ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता हमारे व्यवसाय करने के तरीके की बुनियाद हैं।

बदले का शिकार होने के डर के बिना अपनी आवाज उठाएँ और अपनी चिंताओं को जाहिर करें।

आपको जिस किसी भी छानबीन में हिस्सा लेने के लिए कहा जाता है, उसमें फुर्ती से और ईमानदारी से सहयोग करें।

यदि आपसे Mastercard में आपके कर्तव्यों के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी नियंत्रक, कानून प्रवर्तन या किसी बाहरी अधिवक्ता द्वारा, चाहे काम पर या काम के बाहर, मौखिक या लिखित रूप में (उदाहरण के लिए, आदेश, सम्मन द्वारा) संपर्क किया जाता है, आपको इस संपर्क की रिपोर्ट कानून विभाग के वकील से तुरंत करनी चाहिए। कानून विभाग* के पूर्व लिखित अनुमोदन के बिना आपके कर्तव्यों या Mastercard के व्यवसाय से संबंधित कोई भी जानकारी साझा नहीं की जा सकती है।

संहिता का अनुपालन करें

क्योंकि Mastercard सही तरीके से व्यापार करने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए कानून, इस संहिता या कंपनी की अन्य नीतियों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है, जिसमें नौकरी से बर्खास्तगी, मुआवज़े और लाभ की ज़ब्ती और/या पुनर्भुगतान तथा Mastercard के पास उपलब्ध अन्य उचित उपाय तक शामिल हैं।

* कृपया ध्यान दें कि यह किसी भी तरह से आपको कानून द्वारा अधिकृत उचित सरकारी अधिकारियों को कदाचार की रिपोर्ट करने से नहीं रोकता है।

 ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

मुखबिर नीति चिंता जाहिर करने वाले कर्मचारियों को रक्षित करती है। निदेशक मंडल की लेखा-परीकण समिति ने इस नीति को स्थापित किया है, ताकि इस दस्तावेज में वर्णित, कानून के संभावित उल्लंघनों या अन्य अमान्य व्यवहारों से संबंधित सूचनाओं पर उचित रूप से ध्यान दिया जा सके और ये सूचनाएँ गुमनाम रूप से दी जा सकें।

हम में से प्रत्येक अपनी बात रखने के लिए ज़िम्मेदार है।

हमारी नीति

आपको अपनी बात कहने के लिए अधिकृत किया गया है और ऐसा करना आपका दायित्व भी है, विशेषतः किसी भी नैतिक या संभावित कानूनी चिंताओं के मामले में। कोई प्रश्न पूछकर या किसी चिंता को व्यक्त करके, आप Mastercard और खुद को संरक्षण प्रदान करते हैं। Mastercard संदिग्ध या गैर-कानूनी व्यवहार की घटनाओं की सभी शिकायतों की पड़ताल करेगा।

आपके दायित्व

यदि आपको किसी कानून के, इस संहिता के, या कंपनी की दूसरी नीतियों के उल्लंघन की शंका हो या पक्के तौर पर पता हो, तो तुरंत हमें सूचित करें।

सूचना किस तरह दें

आप निम्नलिखित में से किसी भी माध्यम का उपयोग कर सकते हैं:

- आपके प्रबंधक
- मुख्य अनुपालन अधिकारी
- वैश्विक आचारनीति और अनुपालन टीम का कोई भी सदस्य
- आपके क्षेत्र अनुपालन प्रमुख
- जनरल काउंसेल
- कानून विभाग का कोई भी अधिवक्ता
- कर्मचारी संबंध
- आपका पीपुल बिज़नेस पार्टनर
- हय आचारनीति हें पेलाइन, हजाँ बिना अपना नाम बताएँ सूचनाएँ दी जा सकती हैं (कानून की अनुमति होने पर)*; श-विशेष के लिए डायलिंग निर्दे श आसानी सें खने या वेब-आधारित रिपोर्टि ग टूल केद्वारा सूचना ने केलिए Mastercard.ethicspoint.com पर जाएँ

सभी सूचनाओं को परिस्थितियाँ जिस सीमा तक अनुमति देती हैं, उस सीमा तक और यथासंभव गुप्त रखा जाएगा।

दुर्व्यहार की सूचना प्राप्त करने वाले अधिवक्ता या पीपुल बिज़नेस पार्टनर के लिए यह आवश्यक है कि वे तुरंत ही सूचना को वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन दल को या कर्मचारी संबंध विभाग को अग्रेषित करें। ऐसा करने में विफल होना इस संहिता का उल्लंघन है।

प्रतिशोधात्मक कार्रवाई निषिद्ध है

- लागू कानूनों या नियमों, इस संहिता या कम्पनी की अन्य नीतियों के संभावित उल्लंघन के संबंध में बात करने या इस संबंध में चल रही छानबीन में हिस्सा लेने के लिए आपके विरुद्ध प्रतिशोधात्मक कार्रवाई की धमकी देने, इसका प्रयास करने या इसे अंजाम देने को Mastercard बिल्कुल भी सहन नहीं करेगा
- उचित विश्वास के साथ यदि कोई किसी मुद्दे की सूचना दे, और यदि कोई उसके विरुद्ध बदले की कार्रवाई करे, तो यह अपने आप में हमारी संहिता का उल्लंघन है, और इसकी सूचना देनी चाहिए।

*स्थानीय गोपनीयता और डेटा सुरक्षा कानूनों के कारण आचारनीति हेल्पलाइन की उपलब्धता प्रतिबंधित या सीमित हो सकती है

आपको कब अपनी आवाज उठानी चाहिए?

क्या आपको लगता है कि यह आचरण कानून, इस संहिता या कम्पनी की अन्य नीति का उल्लंघन हो सकता है?

क्या इस आचरण को बेईमान, अनैतिक या गैरकानूनी माना जा सकता है?

क्या इस आचरण से Mastercard की प्रतिष्ठा पर आँच आ सकती है?

क्या इस आचरण के कारण अन्य लोगों, जैसे कि अन्य कर्मचारियों, ग्राहकों या निवेशकों को हानि पहुँच सकती है?

यदि इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर **"हाँ"** है या यहाँ तक कि **"शायद"** है, तो आपको अपनी आवाज उठानी चहिए। चिंता जाहिर करने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि आपके पास पूरी जानकारी हो। जब भी कोई संदेह हो, तो इस बारे में बात करें।

आचारनीति हें पेलाइन का उपयोग करके प्र न पूछें और चिंताओं के बारे में बताएँ। देश-विशि डायलिं निददेश प्राप्त करने के लिए या वेब-आधारित सूचना देने के लिए www.mastercard.ethicspoint.com पर आएँ। ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

मिसाल पेश करें

आप प्रेरणास्रोत हैं। हम प्रबंधकों से यह उम्मीद करते हैं कि वे मिसाल पेश करें और हमारी संहिता का पालन करने के लिए अन्य व्यक्तियों को प्रेरित करें।

सत्यनिष्ठा में हुई चूकों या कानून, इस संहिता या कम्पनी की अन्य नीतियों के उल्लंघनों के लिए कोई औचित्य नहीं है, उदाहरण के लिए, "आधार रेखा (बॉटम लाइन)" को बढ़ाना।

अनैतिक आचरण को कभी भी अनदेखा न करें।

सही अंदाज़ अपनाएं

व्यवसायिक नैतिकता और ईमानदारी के महत्व के बारे में खुलकर चर्चा करें।

नैतिक मामलों पर बेबाक चर्चाओं को प्रोत्साहित करने वाली शालीनता, जवाबदेही और अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा दें और उसे बनाए रखें।

जब कोई कर्मचारी आपसे कोई प्रश्न पूछे या किसी संभावित दुर्व्यवहार के बारे में चिंता व्यक्त करे तो कोई राय ज़ाहिर किए बिना उसकी बात सुनें।

प्रतिशोधात्मक कार्यवाही न करें या इसे सहन न करें। लीडर होने के नाते, आप यह सुनिश्चित करें कि आवाज़ उठाने के लिए प्रतिशोधात्मक कार्यवाही को सहन नहीं किया जाए।

मसलों को उच्चतर स्तर पर भेजें

जब कोई मुद्दा उठ खड़ा होता है, तब उचित माध्यमों का उपयोग करके तुरंत उच्च अधिकारियों को उनसे अवगत कराएँ। बतौर प्रबंधक, आप सूचना देने की प्रक्रिया का अत्यावश्यक हिस्सा हैं।

आपको जिन दुर्व्यवहारों के बारे में पता हो, उन्हें, निम्नलिखित माध्यमों का उपयोग करते हुए अग्रेषित करना होगा:

- मुख्य अनुपालन अधिकारी
- वैश्विक आचारनीति और अनुपालन टीम का कोई भी सदस्य
- आपके क्षेत्र अनुपालन प्रमुख
- जनरल काउंसेल
- कानून विभाग का कोई भी अधिवक्ता
- कर्मचारी संबंध
- आपका पीपुल बिज़नेस पार्टनर

हम एक-दूसरे का सम्मान करते हैं

मानवाधिकार

Mastercard मानवाधिकारों का सम्मान करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के प्रति प्रतिबद्ध है। यह कटिबद्धता हमारे इस विश्वास पर आधारित है कि हमें अपने हर काम में मूलभूत मानवाधिकारों को स्थान देना होगा। हमारी शालीन संस्कृति हमारे कर्मचारियों द्वारा निर्मित और संचालित होती है, जो इस शालीनता का इस्तेमाल इसकी जानकारी देने के लिए करते हैं कि उनका कार्य क्या है, और इससे भी अधिक महत्वपूर्ण, वे इसे कैसे करते हैं। हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता इसे आवश्यक बनाती है कि आपूर्तिकर्ता अपने कारोबार को जिम्मेदारी के साथ और नौतिकतापूर्ण तरीके से चलाएँ, जिसमें बेगार का उपयोग न करना और मानवाधिकारों के बचाव और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध होना भी शामिल है। अ ध ों जान ारीं थमलए, ृपया `मारे मानव ध ार क्त य`, मारे गुलामी और मानव त ारी धत आधुथनन ा क्त य और मारी आपूथनर्त ार्ता आ ूर `त्यों दे ों।

Mastercard के सभी कर्मचारियों को यह हक है कि उनके साथ सौजन्यता, सम्मान और गौरव के साथ बर्ताव किया जाए।

हमारी नीति

हम दुनिया भर में एक समावेशी कार्यबल विकसित करने और उसे बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो गैरकानूनी भेदभाव, उत्पीड़न या प्रतिशोध से मुक्त हो।

हमारा मानना है कि रोज़गार से संबंधित निर्णयों और अवसरों के लिए योग्यताएँ और प्रदर्शन ही आधार होने चाहिए।

हम सभी कर्मचारियों के लिए समान अवसर प्रदान करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम निम्नलिखित की ओर ध्यान दिए बिना योग्य व्यक्तियों को भर्ती करते हैं, नौकरी, प्रशिक्षण और पदोन्नति देते हैं:

- आयु
- अन्यदेशीयता या नागरिकता की स्थिति
- रंग, जाति, संप्रदाय, नस्ल या राष्ट्रीय मूल
- विकलांगता
- लिंग, लैंगिक पहचान या लैंगिक अभिव्यक्ति
- आनुवंशिक जानकारी
- वैवाहिक स्थिति या पारिवारिक स्थिति (लागू कानून की परिभाषा और मान्यता के अनुसार डोमेस्टिक पार्टनरशिप और सिविल यूनियन सहित)
- धर्म
- लिंग (गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान सहित)
- यौन अभिविन्यास
- सेवानिवृत्त या सेवारत सैनिक
- कोई अन्य कानूनी रूप से संरक्षित गुण

आपकी ज़िम्मेदारियाँ

विचारशील और शिष्ट रहें। Mastercard में किसी के साथ भेदभाव न करें या किसी अन्य कर्मचारी के साथ काम करने या सहयोग देने से इंकार न करें।

हम हर दिन हम एक समावेशी संस्कृति बनाने के लिए काम करते हैं। हम हमारे कर्मचारियों या व्यवसायिक साझेदारों द्वारा निम्नलिखित सहित किसी भी तरह के पक्षपात, उत्पीड़न या प्रतिशोधात्मक कार्रवाई को सहन नहीं करते:

- यौन उत्पीड़न
- अपमानजनक या घृणास्पद टिप्पणियाँ या चुटकुले
- तंग करना
- हिंसा, घुड़की या धमकी

Mastercard ी य थतक्त ंधी नीथनतयों ी `मी`ा ़ें। य द आप ो लगता ैग्र आप ों `ाथआ ूर म्रा ों अनु`ार आ ूरण न ींग्र ंया गया, तो अपने पीपुल ं ।ाने` पार्टनर, कर्मचारी संबंध विभाग में किसी से या कानून विभाग के किसी अटार्नी से संपर्क करें।

आचारनीति हेल्पलाइन का उपयोग करके प्र्न पूछें और चिंताओं के बारे में बताएँ। देश-विशि डायलिंग निददेश प्राप्त करने के लिए या वेब-आधारित सूचना देने के लिए www.mastercard.ethicspoint.com पर आएँ। ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

हम सभी का यह दायित्व है कि हर स्थिति में Mastercard के श्रेष्ठ हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करें, विशेष तौर पर किसी भी मूल्यवान वस्तु को देने या स्वीकार करते समय।



हमारी नीति

ऐसी किसी भी स्थिति से बचें जिससे आपकी मंशा, विवेक, ईमानदारी या वस्तुनिष्ठता पर प्रश्न उठ सके। हितों के टकराव का आभास भी आपकी और Mastercard की प्रतिष्ठा को उतनी ही क्षति पहुँचा सकता है, जितनी वास्तव में हितों के टकराव से होगी।

आपके दायित्व

हितों के सभी टकरावों या संभावित टकरावों से संबंधित अपने अनुरोध को स्वीकृति हेतु VIVO Express (वैल्यू-इन वैल्यू-आउट डिक्लेरेशन एवं परी-अप्रूवल टूल) के उपयोग द्वारा तुरंत जमा करें। आगे बढ़ने से पहले स्वीकृति की प्रतीक्षा करें। अधिक मार्गदर्शन के लिए कृपया हितों के टकराव से संबंधित दिशानिर्देश देखें।

हितों का टकराव क्या होता है? हितों का टकराव तब पैदा होता है जब कोई प्रतिस्पर्धी हित किसी निर्णय की अखंडता का या तो अवमूल्यन कर सकता हो अथवा ऐसा करता प्रतीत हो सकता हो, या वह Mastercard में आपकी नौकरी की जिम्मेदारियों में विघ्न पैदा कर सकता हो। उदाहरण के लिए, यदि आप नौकरी के दायरे के बाहर कोई राशि प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह हित के टकराव को पैदा कर सकता है, यदि संभावित रोज़गारदाता का कोई ऐसा उत्पाद या सेवा है जो Mastercard के उत्पाद या सेवा का प्रतिस्पर्धी है। आपको इस अवसर का खुलासा करने के लिए VIVO Express का इस्तेमाल करना होगा और इसके बाद स्वीकृति की प्रतीक्षा करनी होगी।

ऐसी संभावित स्थितियाँ जो हित के टकराव को पैदा कर सकती हैं:

- हमारे हितों के टकराव से संबंधित दिशानिर्देशों में और भ्रष्टाचार-रोधी नीति में बताए अनुसार, आपको कोई बहुमूल्य वस्तु दी जाती है, अथवा आप स्वयं ऐसी कोई वस्तु किसी को देना चाहते हैं
- आप पैसा कमाने के किसी बाहरी अवसर में शामिल होना चाहते हैं
- अपने रिश्तेदार या ऐसे किसी व्यक्ति के साथ व्यवसाय करना या नौकरी पर रखना, जिसके साथ आपका निकट संबंध है
- आपको किसी ऐसी यात्रा की पेशकश जिसका खर्च किसी तृतीय पक्ष द्वारा उठाया गया है
- Mastercard के उन सहकर्मियों के बीच निकट संबंध जिनमें मातहती का संबंध हो या जहाँ वास्तविक या कथित हित के टकराव के होने की संभावना है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी सव-जन पक्षपात नीति और हितों के टकराव से संबंधित दिशा निर्देश देखें
- आपको, आपके किसी पारिवारिक सदस्य को या किसी घनिष्ठ मित्र को Mastercard के किसी ग्राहक, व्यवसायिक साझेदार या विक्रेता द्वारा वित्तीय लाभ के किसी अवसर की पेशकश की जाती है
- किसी (गैर-लाभकारी संस्था सहित) निकाय के निदेशक मंडल या सलाहकार मंडल में की गई सेवा के लिए, भले ही पद के लिए कोई वेतन न दिया जाता हो
- Mastercard के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले या व्यापार करने वाले या व्यापार करने का प्रयास करने वाले किसी निकाय में वित्तीय हित हासिल करने की इच्छा रखना
- आपके परिवार के किसी सदस्य द्वारा Mastercard के प्रतिस्पर्धी के यहाँ नौकरी करना या उसके साथ व्यवसाय करना या व्यवसाय करने का प्रयास करना
- ऐसा कोई भी कार्य जो या तो Mastercard के हितों के साथ प्रतिस्पर्धा करे या ऐसा करता प्रतीत हो

खुलासा करना अनिवार्य है। हितों में टकराव होना अपने आपमें संहिता का उल्लंघन नहीं है, लेकिन उसका खुलासा नहीं करना एक उल्लंघन है।

किसी सार्वजनिक कंपनी के निदेशक मंडल या सलाहकार मंडल में सेवा का खुलासा ऑनलाइन टूल के द्वारा करना होगा और आपको मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा स्वीकृति की प्रतीक्षा करनी होगी, जिसके द्वारा की जाने वाली समीक्षा में व्यापार संचालन कार्यालय सहायता करेगा।

आचारनीति हेल्पलाइन का उपयोग करके प्रश्न पूछें और चिंताओं के बारे में बताएँ। देश-विशिष्ट डायलिंग निर्देश प्राप्त करने के लिए या वेब-आधारित सूचना देने के लिए www.mastercard.ethicspoint.com पर जाएँ। ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

हम व्यवसायिक नैतिकता के उच्चतम मानदंडों को परिपुष्ट करने और रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारी नीति

हम अनुचित रूप से व्यवसाय हासिल करने या उसे कायम रखने, किसी अनुचित लाभ को सुरक्षित करने या किसी को अनुचित आचरण हेतु प्रेरित करने के लिए किसी को कोई पेशकश, वादा या पैसा या कोई मूल्यवान वस्तु नहीं देते हैं। आप Mastercard द्वारा अपेक्षित या किए गए किसी लेनदेन के संबंध में रिश्वत, किकबैक या अन्य अनुचित लाभ को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ढंग से लेने के याचना नहीं कर सकते हैं, स्वीकार या स्वीकार करने का प्रयास नहीं कर सकते हैं।

हम ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं जो अनुपयुक्तता का आभास देती हों।

हम तकृतीय पकषों को ऐसी कारमवाइयाँ करने के लिए इसतेमाल नहीं करते है जि नहें हम खुद नहीं कर सकते है। हम ऐसी "खतरे की झं डियों" को अनदेखा नहीं करते है जो इस ओर इंगित करती हों कि कोई तकृतीय पकष Mastercard की ओर से गैरकानूनी भुगतान कर सकता है या भरषटाचार में शामिल हो सकता है।

हम सटीक खाताबही और रिकॉडम बनाकर रखते है। हम अपने खचम का हिसाब नयिपूवमक और सटीकता के साथ रखते है, इससे कोई फरक नहीं पड लेनदेन कितने का है।

आपके दायित्व

इस सं हिता के अंतगमत आने वाले सभी वकिति हमारी भरषटाचार-रोधी नीति और इससे सं बंधित ऐसी परकरियाओं को समझने और उनका पालन करने के लिए उततरदायी है, जिनमें निरिचित भुगतानों, तकृतीय पकषों, वविसायिक गतिविधियों, हितों के टकराव और अभिलेख के रखरखाव के लिए उपयुकत तरीकों के बारे में बताया गया है।

भुगतान। किसी को अनुचित ढंग से प्रभावित करने या पुरस्कृत करने के लिए धनराशि या किसी मूल्यवान वस्तु, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न दें, देने का वायदा न करें या देने के लिए अधिकृत न करें। सुगम ढंग से काम करवाने के लिए भुगतान (सरकारी कार्रवाई को सुगम ढंग से करवाने के लिए किए गए भुगतान) करना निषिद्ध है।

तृतीय पक्ष। सुनिश्चित करें कि सभी तृतीय पक्षों को काम पर लगाने से पहले उनका उचित रूप से मूल्यांकन किया जाता है, उन्हें ठीक से ऑनबोर्ड किया जाता है, और उनकी निगरानी की जाती है, ताकि उनके कार्य Mastercard के उच्च व्यावसायिक नैतिकता मानदंडों के अनुरूप रहें तथा सेवाएँ और इनवॉइस उनके साथ किए गए अनुबंधों के अनुसार रहें।

व्यावसायिक गतिविधियाँ। व्यवसायिक आतिथ्य, भोजन, उपहार, दान, उम्मीदवारों की भर्ती या किसी भी मूल्यवान वस्तु की पेशकश, ऐसे किसी भी ग्राहक, संभावित ग्राहक या सरकारी नियंत्रक को नहीं की जानी चाहिए, जिसके पास किसी व्यवसायिक निर्णय को अनुचित ढंग से प्रभावित करने या इसके बदले में उपहार पाने के लिए Mastercard का पर्यवेक्षण करने का अधिकार हो।

हितों के टकराव। ऐसी स्थितियों से दूर रहें, जिनमें आपको Mastercard में अपनी हैसियत के आधार पर लिए गए निर्णय से व्यक्तिगत लाभ होने की संभावना हो। ऐसी स्थितियों से सावधान रहें, जहाँ वर्तमान या संभावित ग्राहकों या विक्रेताओं के साथ विचाराधीन सौदों के दौरान किसी मूल्यवान वस्तु की या तो पेशकश की जाए या इसे स्वीकार किया जाए।

रिकॉर्ड रखना। Mastercard की खाता-बहियों और अभिलेखों में प्रत्येक लेन-देन को सही और सटीक स्वरूप से दर्ज करें। कभी भी कंपनी की परिसंपत्तियों के लेखांकन और वितरण के लिए बने कंपनी के आंतरिक नियंत्रणों को विफल करने की कोशिश न करें।

प्रश्न पूछें और चिंताओं की सूचना दें। अपने प्रबंधक, मुख्य अनुपालन अधिकारी, वैश्विक अनुपालन जाँच दल के किसी भी सदस्य, अपने क्षेत्र के अनुपालन नेता, जनरल काउंसेल, कानून विभाग के किसी अधिवक्ता, कर्मचारी संबंध विभाग, या अपने लोक व्यवसाय सहभागी से संपर्क करें, अथवा नैतिकता हेल्पलाइन का उपयोग करें।

आचारनीति हेल्पलाइन का उपयोग करके प्रश्न पूछें और चिंताओं के बारे में बताएँ। देश-विशिष्ट डायलिंग निर्देश प्राप्त करने के लिए या वेब-आधारित सूचना देने के लिए www.mastercard.ethicspoint.com पर आएँ। ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

व्यवसायिक आतिथि सेवा, भोजन और उपहार देते और लेते समय अपने विवेक का उपयोग करें।

व्यवसायिक आतिथ्य सेवा में भोजन, यात्रा, आयोजन और मनोरंजन शामिल हैं। ये हमारी भ्रष्टाचार-रोधी नीति में वर्णित की गई "मूल्यवान वस्तु" की परिभाषा के अंतर्गत आती हैं।

हमारी नीति

व्यवसायिक आतिथि सेवा, भोजन और उपहार व्यवसाय में सामान्य शिष्टाचार के परिचायक हैं और दुनिया भर में इनकी संस्कृति भिन्न-भिन्न प्रकार की है। लेकिन ये गतिविधियाँ यदि अनुचित इरादे से पेश की जाएँ या वे बहुत ही ज्यादा विलासितापूर्ण हों, या वे बार-बार पेश किए जाएँ, तो अमान्य हैं। इनके कारण लागू रिश्वतखोरी-रोधी और भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों के तहत आपराधित कार्रवाई हो सकती है और Mastercard और आप दीवानी और आपराधिक कानून के तहत कार्रवाई के जोखिम में आ सकते हैं। यह बात सरकारी अधिकारियों और सरकारी या सरकारी नियंत्रण वाली कम्पनियों (कवर किए गए सरकारी कर्मचारी) के लाभ के लिए चुकाये गए खर्चों पर विशेष तौर पर लागू होती है।

ध्यान दें कि ऊपरी सीमा राशि और निषेधात्मक परिस्थितियाँ होनीं चाहिए, जैसे जब कोई सौदे पर कार्रवाई चल रही हो, या जब आवरण के तहत आने वाले सरकारी कर्मचारी मूल्य की कोई भी वस्तु स्वीकार नहीं कर सकते हों।

हम किसी भी व्यक्ति की वस्तुपरक व्यावसायिक निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करने वाली अथवा उसे प्रभावित करने का आभास देने वाली किसी भी व्यावसायिक आतिथ्य, भोजन, उपहार या मूल्य की कोई भी वस्तु पेश करने की अनुमति नहीं देते हैं।

आपके दायित्व

हम किसी व्यावसायिक निर्णय को अनुचित रूप से प्रभावित करने या पुरस्कृत करने के लिए मूल्य की कोई भी वस्तु नहीं देते हैं।

ऐसी किसी भी मूल्यवान वसु को न दें या स्वीकार न करें जो कानून के विरुद्ध हो या हमारी व्यावसायिक आतिथ्य सेवा, भोजन और उहपार पव्हिवया, हतियों केटकराव के बारे में दिशानिर्देशयों या पव्प्किता की कंपनी की नीतियों का उलंघन कर सकती हो।

Mastercard भवष्ठाचार-रोधी नीति के अनुरूप, उसकी ओर से काम करने वाले सभी तृतीय पक्षों को व्यवसाय हासिल करने या बनाए रखने के लिए या Mastercard के लिए किसी अनुचित लाभ सुरक्षित करने के लिए किसी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मूल्य की कोई भी वस्तु देने से निषिद्ध करता है, जिसमें व्यवसायिक आतिथ्य सेवा, भोजन और उपहार शामिल हैं।

इस संहिता के तहत आने वाले सभी यहर्यियों पर हय दायि है कि वे हमारी यावसायिक आतिथ्य, भोजन तथा उहपार काय् विधि, हतियों केटकराव के बारे में दिशानिर्देश और कारपोरेट लोकोपकार नीति को समझेंगे और उनका पालन करेंगे, तथा वे हजाँ लागू हो, हवाँ VIVO Express खुलासा और पूवा नुमोदन उपकरण का उपयोग करेंगे।

आपके द्वारा पवाप् की गई या आपके द्वारा दी गई ऐसी किसी भी मूल्यवान वसु को हमारी भवष्ठाचार-रोधी नीति, यवसायिक आतिथ्य सेवा, भोजन और उहपार पव्हिवया, हतियों केटकराव के बारे में दिशानिर्देशयों, वैक यावि एवं मनोरंजन और कारपोरेट T&E काड नीति और कारपोरेट लोकोपकार नीति के अनुसार Mastercard के वित्तीय दस्तावेज़ों, खाताबही और अभिलेखों में ठीक से दस्तावेजित और अभिलेखित करेंगे।

आचारनीति हेल्पलाइन का उपयोग करके प्रश्न पूछें और चिंताओं के बारे में बताएँ। देश-विशिष्ट डायलिंग निददेश प्राप्त करने के लिए या वेब-आधारित सूचना देने के लिए www.mastercard.ethicspoint.com पर आएँ। ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

संबंधित पक्षों के लेनदेन

Mastercard के निदेशक मंडल और कार्यकारी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए कि Mastercard के प्रति उनके दायित्वों के साथ समझौता नहीं हो रहा है।

हमारी नीति

निदेशकों और कार्यकारी अधिकारियों का कंपनी के प्रति यह कर्तव्य है कि वे ईमानदार, नैतिक और सत्यनिष्ठ आचरण करें।

निदेशकों और कार्यकारी अधिकारियों के लिए यह आवश्यक है कि वे “संबंधित पक्षों के लेनदेन” का खुलासा करें।

निदेशकों और कार्यकारी अधिकारियों के दायित्व

संबंधित पक्षों के किसी भी लेन-देन का खुलासा जनरल काउंसेल को तुरंत करें।

निदेशक मंडल या कम से कम तीन अपक्षपाती निदेशकों से बनी इसकी समिति की स्वीकृति या अनुमोदन के बिना संबंधित पक्षों के साथ कोई भी लेन-देन आरंभ न करें या जारी न रखें।

"संबंधित पक्ष के साथ लेन-देन" क्या है? संबंधित पक्ष के साथ लेनदेन वह लेन-देन है जिसमें Mastercard अमेरिकी डॉलर 120,000 से अधिक के लेन-देन में (ऋण या ऋण की जमानत सहित) शामिल हो और जिसमें किसी “संबंधित पक्ष” का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भौतिक हित हो या होने वाला हो।

“संबंधित पक्ष” कौन है? “संबंधित पक्ष” में निम्नलिखित शामिल हैं:

- कार्यकारी अधिकारी, (वे कार्यपालक जिन पर अनुभाग 16 के तहत रिपोर्टिंग का दायित्व है, इसमें नियंत्रक शामिल नहीं है)
- निदेशक मंडल के सदस्य
- Mastercard के ऋणपत्रों के पाँच (5) फ़ीसदी या अधिक के लाभकारी स्वामी
- उपरोक्त में से किसी के निकटवर्ती पारिवारिक सदस्य
- ऐसी कोई कंपनी जो उपर्युक्त में से किसी के प्रमुख स्वामित्व या नियंत्रण में है

एंटी-मनीलांडरिंग, अनुज्ञाएँ और निर्यात नियंत्रण

हम मनीलांडरिंग और आतंकी गतिविधियों की वित्तीय मदद को रोकते हैं और अनुज्ञाओं और निर्यात नियंत्रण का अनुपालन करते हैं।

मनीलांडरिंग क्या होता है? काले धन को वैध बनाना (मनीलांडरिंग) ऐसी गतिविधि है जिसके तहत आपराधों से प्राप्त धनराशि को ऐसा आभास देने के लिए “साफ़” किया जाता है कि यह धनराशि कानूनी स्रोतों या लेनदेनों से प्राप्त की गई है।

आतंकी गतिविधियों की वित्तीय मदद करना क्या होता है? आतंकी गतिविधियों की वित्तीय मदद, इस बात की ओर ध्यान दिए बिना किसी आतंकी संगठन से जुड़े व्यक्तियों को धनराशि प्रदान करना है, भले ही इस धनराशि का स्रोत कानूनी हो या नहीं।

हमारी नीति

हम चौकनने रहते है कि मनीलॉन ंग या आतंकी गतिविधियों की विततीय मदद के लिए कंपनी के उत्पादों, सेवाओं और तकनीक का उपयोग न किया जाए।

हम उन वयकतियों और संथिाओं दारा हमारे उतादों और सेवाओं का उपयोग नहीं होने देते हैं जिन पर परतिबंध लगाए गए हों और नियामत नियंतरणि नियमों का अनुपालन करने के लिए हमारे यहाँ संबंधित परंरियाएँ मौजूद है।

आपको हमारी वैविक एंटी-मनीलॉन ंग नीति, आतंकी रोधी विततपोषिणि एवं आरथक परतिबंध से संबंधित नीति और नियामत नियंतरणि अनुपालन नीति की जानकारी होनी चाहिए और इनका पालन करना चाहिए ।

आपके दायित्व

संभावित मनीलॉन ंग, आतंकी गतिविधियों के वित पोषिणि या ऐसी गतिविधि से, जो लागू परतिबंधों या नियामत आधारित परतिबंधों का उलंघन करती हो, सावधान रहें।

सुनिश्चित करें कि आप केवल कानूनी सोतों से हासिल की गई राशि से कानूनी वयावसायिक परयोजनों के लिए परतिषित वयवसायिक साझेदारों के साथ कारोबार कर रहे है।

प्रश्न पूछें और चिंताओं की सूचना दें। यदि आपका कोई प्रश्न हो, या यदि आप जानते हैं या आपको संदेह है कि कोई व्यक्ति Mastercard के उत्पादों या प्रणाली का उपयोग मनीलॉन्ड्रिंग के लिए, या आतंकी गतिविधियों के वित्त पोषण के लिए कर रहा है या यह उपयोग सैंक्शन या निर्यात आधारित प्रतिबंधों का उल्लंघन है, तो मुख्य अनुपालन अधिकारी, अपने क्षेत्र के अनुपालन प्रमुख, वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन दल के किसी सदस्य, एंटी-मनीलॉन्ड्रिंग दल, या प्रतिबंध या निर्यात नियंत्रण दल के किसी सदस्य, जनरल काउंसेल, या कानून विभाग के किसी भी अधिवक्ता से संपर्क करें या आचार-नीति हेल्पलाइन का उपयोग करें।

अनुज्ञाएँ क्या होती हैं? आर्थिक प्रतिबंध किसी व्यक्ति, संस्था या अधिकार क्षेत्र को वैश्विक अर्थव्यवस्था से अलग करने या वर्जित करने के लिए सरकारी या अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा लगाए गए वित्तीय प्रतिबंध होते हैं।

निर्यात नियंत्रण क्या होते हैं? निर्यात नियंत्रण लागू हार्डवेयर, सॉफ़्टवेयर और तकनीक को एक देश से दूसरे देश में भेजने की हमारी क्षमता पर लगाई गई सीमाएँ और रोक होती हैं।

 ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

हमारी सफलता के मूल में ईमानदारी होती है

व्यापार और/या उद्योग संघ में भागीदारी या अन्य वैध प्रतिस्पर्धी रणनीतिक व्यावसायिक चर्चाएँ अनोखे जोखिम प्रस्तुत करते हैं और इनके लिए कानून विभाग से पूर्वानुमति लेनी होगी।

हम ईमानदार व्यवसायिक प्रतियोगिता केद्वारा सफलता पाने केलिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारी नीति

प्रत्येक कर्मचारी को Mastercard केसाझेदारों, जिनमें हमारे ग्राहक, सेवा प्रदाता, आपूर्तिकर्ता, और कर्मचारी शामिल हैं, और साथ ही साथ हमारे प्रतिस्पर्धियों केसाथ ईमानदारी से काम करने का प्रयास करना चाहिए।

हम चालबाज़ी, छिपाव, किसी प्रतिस्पर्धी या अन्य व्यवसायिक कंपनी की स्वामित्व वाली या गोपनीय जानकारी केदुरुपयोग, महत्वपूर्ण तथ्यों के गलत प्रस्तुतिकरण या किसी भी तरह की गलत सौदेबाज़ी या विधि द्वारा किसी का गलत फ़ायदा नहीं उठाते हैं।

हम हमेशा लागू परतिसपधनी कानूनों का अनुपालन करते है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी अविविास और परतिसपधा की समीकषा करें।

आपके दायित्व

हमेशा हमारे उत्पादों और सेवाओं का विपणन सटीकता और ईमानदारी से करें।

हमारे प्रतिस्पर्धियों केसाथ संवेदनशील व्यवसायिक जानकारी की चर्चा न करें, या प्रतिस्पर्धी रूप से संवेदनशील जानकारी को हमारे ग्राहकों केसाथ साझा न करें। आपको हमारे प्रतिस्पर्धियों केसाथ निम्नलिखित कभी भी नहीं करना चाहिए, न ही हमारे ग्राहकों केसमूहों को निम्नलिखित में से किसी को भी करने में मदद करनी चाहिए:

- मूल्य निर्धारण या मूल्य निर्धारण नीति के बारे में चर्चा करना
- रणनीतिक व्यवसायिक योजनाओं के बारे में चर्चा करना
- हम जो उत्पाद और सेवाएँ बेचते हैं उनके संबंध में मूल्य या शर्तों पर सहमत होना
- बाज़ारों, ग्राहकों या क्षेत्रों को बांट लेने पर सहमत होना
- ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या अन्य प्रतिस्पर्धियों के बहिष्कार पर सहमत होना

ऐसी किसी भी स्थिति से बचें, जो यह आभास मात्र भी देती हो कि हमने किसी प्रतिस्पर्धी के साथ प्रतिस्पर्धा को सीमित करने के लिए समझौता किया है।

कपट, चोरी या अन्य गैरकानूनी या अनैतिक ढंग के उपयोग द्वारा हमारे प्रतिस्पर्धियों से या उनके बारे में हमारी प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील, गोपनीय, गैर-सार्वजनिक जानकारी को साझा न करें और प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील, गोपनीय, गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त करने का प्रयास न करें।

अपने पिछले नियोजक की गोपनीय या संवेदनशील व्यावसायिक जानकारी का उपयोग न करें, न ही उसे Mastercard के किसी भी व्यक्ति के साथ साझा करें।

वित्तीय खाताबही और अभिलेख

निम्न स्थितियों में, अपनी चिंताओं की सूचना तुरंत ही नैतिकता हेल्पलाइन या वैश्विक नैतिकता और अनुपालन दल के किसी सदस्य, जनरल काउंसेल के कार्यालय या कानून विभाग के किसी अधिवक्ता को दें:

- आपको संदेह है कि हमारी किसी बही या अभिलेख को धोखाधड़ी, अशुद्ध या अधूरे ढंग से रखा जा रहा है, या
- आपको लग रहा है कि आप पर Mastercard की किसी वित्तीय जानकारी को बदलने, झुठलाने या गलत तरीके से प्रस्तुत करने के लिए दबाव डाला जा रहा है, या
- आपको लगता है कि कोई तृतीय पक्ष भ्रामक या गलत वित्तीय परिणाम प्राप्त करने के लिए Mastercard का उपयोग करने की कोशिश कर रहा है

हम ईमानदार और सटीक वित्तीय खाताबही और रिकार्ड रखते हैं।

हमारी नीति

यह सुनिश्चित करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है कि Mastercard की बहियाँ और अभिलेख सटीकता, निष्पक्षता और यथोचित रूप से लेनदेनों के आशय को प्रस्तुत करते हों।

कंपनी के दस्तावेज़ों और रिपोर्टों में जानबूझकर जानकारी या गतिविधियों को गलत ढंग से प्रस्तुत करना इस नीति का गंभीर उल्लंघन है और यह कानून का उल्लंघन भी हो सकता है।

Mastercard की बहियों और अभिलेखों के लिए कंपनी की लेखांकन नीतियों और आंतरिक नियंत्रण आवश्यकताओं का अनुपालन करना ज़रूरी है।

आपके दायित्व

आपको कभी भी यह नहीं करना चाहिए:

- हमारे व्यवसायिक रिकॉर्डों में किसी भी तथ्य या जानकारी में हेरफेर करना, हटाना, गलत ढंग से प्रस्तुत करना, परिवर्तन करना या छिपाना
- हमारे व्यवसायिक रिकॉर्डों में किसी भी तथ्य या जानकारी में हेरफेर करने, हटाने, गलत ढंग से प्रस्तुत करने, परिवर्तन करने या छिपाने के लिए किसी अन्य को प्रेरित करना या अनुमति देना

ऐसी स्थिति में कोई लेनदेन न करें जब आपको लगे कि ग्राहक, व्यापारी, व्यवसायिक साझेदार या विक्रेता अपने वित्तीय विवरण में कोई भ्रामक प्रभाव (चाहे आमदनी, राजस्व, धनापूर्ति, बैलेंस शीट में या किसी अन्य चीज़ में) डालना चाहता है।

 ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

राजनीतिक गतिविधियाँ

हम राजनीतिक प्रक्रिया में ज़िम्मेदारी और नैतिकता केसाथ शामिल होते हैं।

हमारी नीति

Mastercard हमारी राजनीतिक गतिविधियों के संबंध में सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करता है ।

Mastercard जिन राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेता है, वे शुद्ध रूप से कंपनी केतथा जिस समुदाय में हम प्रचालन करते हैं, उसकेसर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखती हैं और इन्हें कंपनी केअधिकारियों और/या कार्यकारियों की निजी राजनीतिक पसंदों की ओर बिना ध्यान दिए किया जाता है।

Mastercard आपको अपने खाली समय में नगर-विषयक, धर्मार्थ और राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने केलिए प्रेरित करता है, जब तक कि यह गतिविधियाँ कानूनी हों और Mastercard में आपकेपद केसाथ इनका टकराव नह हो रहा हो। यदि आप राजनीतिक और नगर-विषयक गतिविधियों में भागीदारी करते हैं, तो याद रखें कि आप ऐसा बतौर नागरिक करते हैं, न कि बतौर Mastercard केप्रतिनिधि।

आपके दायित्व

कॉर्पोरेट राजनीतिक सहायता और/या कॉर्पोरेट राजनीतिक व्यय केलिए EVP, सार्वजनिक नीति से अग्रिम लिखित स्वीकृति की आवश्यकता होती है।

व्यक्तिगत राजनीतिक गतिविधियों केलिए Mastercard केसं साधनों का उपयोग न करें या कंपनी से इनकी भरपाई का अनुरोध न करें।

अपनी बाहरी नागरिक और राजनीतिक गतिविधियों और Mastercard में अपने पद के बीच किसी भी तरह केसंभावित हितों के टकराव केप्रति सावधान रहें।

हमारी राजनीतिक भागीदारी, वकालत और योगदान नीति तथा राजनीतिक गतिविधि और सावजिनिक नीति वतिवय को जानें और उसका अनुपालन करें।

कम्पनी की सम्पत्ति का संरक्षण

हम अपनी मूर्त और अमूर्त परिसंपत्तियों की रक्षा करते हैं।

हमारी नीति

हम जानकारी का ध्यानपूर्वक उपयोग करते हैं। आपको Mastercard, उसकेग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, व्यावसायिक साझेदारों या तृतीय पक्षों के बारे में ऐसी जानकारी प्राप्त हो सकती है, जो गोपनीय, प्रतिस्पर्धी रूप से संवेदनशील या स्वामित्व से संबंधित है और/या जिसे खुलासे से रक्षित करने का Mastercard अनुबंध के तहत उत्तरदायी है। जब तक आपको मालूम न हो कि Mastercard ने यह जानकारी सार्वजनिक रूप से जारी कर दी है या इसकेपास जानकारी को जारी करने का अधिकार है, ऐसी जानकारी को गोपनीय मानें।

हम अपनी बौद्धिक संपदा और स्वामित्व केअधीन अन्य जानकारी की कर्मठतापूर्वक रक्षा करते हैं और हम अन्य लोगों केबौद्धिक संपदा से संबंधित वैध अधिकारों का सम्मान करते हैं।

Mastercard ऐसी किसी भी जानकारी, विचारों और खोजों के सभी बौद्धिक संपदा अधिकारों का एकमात्र स्वामी है जिसे आप अपने नियोजन केसंबंध में या कंपनी के समय या संसाधनों का उपयोग करके बनातेया विकसित करते हैं और जहाँ भी आवश्यकता होगी, आप इस स्वामित्व की पुष्टि करने केलिए कोई भी आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत करेंगे।

Mastercard की प्रणालियों और Mastercard द्वारा जारी किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग मुख्य रूप से व्यावसायिक उद्देश्य केलिए है। सीमित, उपयुति वयकतिगत उपयोग सवीकार्य है, यदि इससे आपकेकार्य में वयवधान न आता हो या कानून या कंपनी की नीतियों या मानकों का उलंघन नही होता हो। अधिक विवरणि केलिए कृपया हमारे मानय उपयोग और ज़िदारियों के मानक को देखें।

बौद्धिक संपदा क्या होती है? बौद्धिक संपदा में हमारे ट्रेडमार्क, व्यापार रहस्य, कॉपीराइट, डोमेन नेम और पेटेंट शामिल हैं।

मालिकाना जानकारी किसे कहते हैं? यह वह जानकारी होती है जो गोपनीय है और सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है, जैसे कि वित्तीय डेटा, विपणन और रणनीतिक योजनाएँ और व्यापार रहस्य।

आपके दायित्व

- हमारी बौदिकि संपतित नीति को जानें और उसका अनुपालन करें
- हमारी परिसंपतितयों और सूचनाओं के संरकषणि के लिए आप ज़िदार हैं
- Mastercard और किसी भी बाहरी पकष की गोपनीय, मालिकाना या परतिसपर्धातकि रूप से संवेदनशील जानकारी को अनाधिकृत उपयोग या खुलासे से सुरकिषत रखें*
- रिाहक के डेटा का उपयोग करते समय हमेशा रिाहक के साथ किए गए अनुबंधों का अनुपालन करें

*इस आचार संहिता में कुछ भी कानून द्वारा संरक्षित अधिकारों के प्रयोग में हस्तक्षेप करने, रोकने या रोकने के लिए नहीं बनाया गया है, जिसमें वेतन, लाभ, या रोज़गार के अन्य नियमों और शर्तों के बारे में Mastercard के कर्मचारियों या अन्य तीसरे पक्षों के साथ संवाद करने का अधिकार शामिल है। किसी सरकारी एजेंसी या अन्य औपचारिक निकाय के सामने खुलासा करना, आरोप लगाना या शिकायत दर्ज करना, या किसी जाँच में सहयोग करना या भाग लेना।

 ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

कंपनी की संपत्ति का संरक्षण

- बिना अग्रिम अधिकार-पत्र के किसी तृतीय पक्ष को हमारी बौद्धिक संपदा का उपयोग करने की अनुमति न दें और बिना अधिकार-पत्र के दूसरों की बौद्धिक संपदा का उपयोग नहीं करें
- ऐसी किसी भी चीज़ की जानकारी Mastercard को तुरंत दें, जिसके बारे में आपको अपने नियोजन के संबंध में या कंपनी के समय या संसाधनों का उपयोग करते समय पता चलता है या विकसित करते हैं
- गैरकानूनी या अनुचित उद्देश्यों के लिए Mastercard के उपकरणों या प्रणालियों का उपयोग न करें, जैसे, अनुचित, अश्लील या भेदभावपूर्ण सामग्री देखना
- बर्खास्तगी पर, आपको कंपनी की सभी संपत्ति और गोपनीय जानकारी वापस करनी होगी, और ऐसी जानकारी को अनाधिकृत उपयोग या प्रकटीकरण से सुरक्षित रखना आपका दायित्व है

सूचना संपत्तियों का रक्षण

हम Mastercard की सूचना परिसंपत्तियों की रक्षा करते हैं।

हमारी नीति

हम सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करके अपने ब्रांड और प्रतिष्ठा की रक्षा करते हैं ताकि सूचना संपत्तियों का उचित उपयोग सुनिश्चित हो सके और इनका संरक्षण किया जा सके, इन संपत्तियों में शामिल हैं Mastercard, उसके कर्मचारियों, या ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, व्यावसायिक साझेदार या उपभोक्ता जैसे तृतीय पक्षों से संबंधित प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से संवेदनशील, मालिकाना, निजी और/या संवेदनशील सूचना।

हम सभी गोपनीय जानकारी, सूचना परिसंपतित और निजी जानकारी का उपयोग हमारी वैविक गोपनीयता और डेटा संरकषणि नीति, कॉपवोरेट सुरकषा नीति, डेटा परबं धन एवं परशासन नीति, डेटा से संबंधित ज़िद्दारी की नीति, अभिलेख परबं धन नीति और यर डेस नीति केअनुसार और लागू कानूनों और विनियमों केअनुसार करते है।

आपके दायित्व

हमारे बांड और परतिषा के संरकषणि में मदद करने के लिए, आपको यह करना चाहिए:

- हमारी अभिलेख प्रबंधन नीतिके अनुसार, सूचना की संवेदनशीलता के साथ-साथ उसके लिए आवश्यक सुरक्षा के स्तर का निर्धारण करें
- केवल वही डेटा एकत्र करना चाहिए जो विशिष्ट व्यवसायिक गतिविधि के लिए आवश्यक है
- डेटा प्रबंधन और शासन नीति और डेटा उत्तरदायित्व सिद्धांत के अनुसार डेटा एकत्र और साझा करें
- केवल वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए ही व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करें और हमारी वैश्विक गोपनीयता और डेटा संरक्षण नीति में उल्लिखित डिजाइन दृष्टिकोण के अनुसार गोपनीयता का पालन करें
- व्यक्तिगत जानकारी और अन्य संवेदनशील डेटा का संग्रहण और निपटान सुरक्षित तरीके से करना चाहिए
- व्यक्तिगत जानकारी केवल उन प्राधिकृत पक्षों को ही प्रेषित करनी चाहिए (जोखिम की संभावना होने पर कूटलेखन के द्वारा सुरक्षित करके), जो इसका उपयोग केवल अभिप्रेत प्रयोजन के लिए करने और इसकी गोपनीयता की रक्षा करने के लिए बाध्य हैं

डेटा से संबंधित किसी भी घटना या सुरकषा जोखिमों की जानकारी तुरंत मुि सुिरकषा अधिकारी अथवा सुरकषा परचालन केंदर को SOC@mastercard.com पर ईमेल भेजकर अथवा फोन करके (डायलिंग निददेशों केलिए सुरकषा परचालन केंदर का वेबपेज खें) दें।
कानून प्रवर्तन अभिकरण या सरकारी प्राधिकरण, द्वारा किए गए लेन-देन से संबंधित डेटा या निजी जानकारी केसभी अनुरोध (जैसा कि वैश्विक गोपनीयता और डेटा संरक्षणी तिमें बताया गया है) को सरकारी डेटा अनुरोध का जवाब देने के लिए बनाए गए वैश्विक मानक का पालन करना चाहिए। लेन-देन डेटा या व्यक्तिगत जानकारी केलिए अन्य तृतीय पक्षों के अनुरोधों की वैश्विक गोपनीयता टीम केसदस्य द्वारा समीक्षा की जानी चाहिए और इसे अनुमोदित किया जाना चाहिए।

Mastercard सूचना परिसंपत्तियाँ या सूचना परिसंपत्तियाँ क्या हैं?

कंपनी के स्वामित्व वाली कोई भी जानकारी, जिसमें शामिल हैं
(i) Mastercard की कोई बौद्धिक संपदा,
(ii) और हमें मिलने वाली, या जो हमारे पास मौजूद है, या जिसे हम संप्रेषित करते हैं, ऐसी कोई जानकारी जो सार्वजनिक नहीं है या निजी नहीं है, और साथ ही
(iii) ऐसी कोई जानकारी जो अंतर्दृष्टि, विश्लेषण, मशीन लर्निंग से प्राप्त समाधानों और कृत्रिम बुद्धि से प्राप्त हुई है।
उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- एकत्रित डेटा
- अनामित लेनदेन डेटा
- व्यवसायिक संपर्क डेटा
- कंपनी का प्रदर्शन डेटा
- गोपनीय लेनदेन डेटा
- उपभोक्ता डेटा
- ग्राहक द्वारा रिपोर्ट किया डेटा
- व्यापारी डेटा
- कर्मचारी डेटा
- संवेदनशील डेटा

डेटा उत्तरदायित्व के सिद्धांत

हम निजी जानकारी को इस तरह से प्रबंधित करने के प्रति समर्पित हैं कि हमारी सभी डेटा विधियों में व्यक्ति को केंद्र में रखा जाए। हम मानते हैं कि व्यक्तियों को उनके डेटा के उपयोग का लाभ मिलना चाहिए, उन्हें इसकी समझ होनी चाहिए कि हम उनके डेटा का उपयोग कैसे करते हैं, हममें उसे नियंत्रित करने की क्षमता है और निश्चय ही गोपनीयता और सुरक्षा से संबंधित संरक्षण प्राप्त करते हैं। हम हमेशा डेटा को इस तरह से सँभालने के प्रति समर्पित हैं कि वह सुरक्षित, नैतिक, अनुपालनीय और व्यक्ति के लिए लाभकारी रहे। Mastercard ने सात सिद्धांत विकसित किए हैं जो हमारी अपनी कार्यप्रणालियों का मार्गदर्शन करेंगे, जब हम ज़िम्मेदार डेटा प्रबंधक के रूप में अपनी यात्रा जारी रखेंगे। हमारा मानना है कि ये सिद्धांत समान विचारधारा वाले संगठनों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम कर सकते हैं:

- सुरक्षा और गोपनीयता
- पारदर्शिता और नियंत्रण
- जवाबदेही
- समावेशन
- सत्यनिष्ठा
- नवाचार
- सामाजिक प्रभाव

अधिक जानकारी के लिए, हमारे डेटा उत्तरदायित्व वेब पेज पर जाएँ।

 ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

भेदिया व्यापार

“महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी" किसे कहते हैं?
जानकारी को ऐसी स्थिति में महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी माना जाता है, जब इसे (a) लोगों तक व्यापक रूप से प्रचारित नहीं किया गया होता है और (b) यह वह जानकारी होती है जिसे कोई विवेकशील निवेशक किसी निश्चित प्रतिभूति को खरीदने या बेचने का निर्णय लेने में महत्वपूर्ण मानेगा।

समय-समय पर, Mastercard उन सभी कर्मचारियों के लिए व्यापार पर प्रतिबंध लगा सकता है जिनके अधिकार मेंमहत्वपूर्ण गैर-सावमजनिक जानकारी है।
अधिक विवरणि के लिएइनसाइडर टटेडिंग नीति और इनसाइडर टटेडिंग पर्ररियाओं से परामर्श करें।

Mastercard के कर्मचारी महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का खुलासा या व्यापार नहीं कर सकते हैं।

हमारी नीति

महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी का दुरुपयोग हमारी नीति का उल्लंघन है और कानून का भी उल्लंघन हो सकता है।

आपके दायित्व

यदि Mastercard या Mastercard के साथ व्यवसाय में शामिल अन्य कंपनी की महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी आपकेपास है, तो आपको ऐसी प्रतिभूतियों में लेन-देन करने से प्रतिबंधित किया जाता है। यह प्रतिबंध दुनिया भर केसभी कर्मचारियों पर और साथ ही सभी परामर्शदाताओं, आकस्मिक कर्मचारियों और हमारे निदेशक मंडल के सदस्यों और Mastercard की प्रतिभूतियों में किए जाने वाले सभी लेन-देनों पर लागू होता है, जिनमें Mastercard केशेयरों को खरीदना या बेचना, विकल्पों का उपयोग करना या स्टॉक बेचना शामिल हैं।

महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी उजागर करने पर Mastercard को और आपको इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। तदनुसार, आपको इस तरह की जानकारी का – जिसमें किसी अन्य व्यक्ति को ऐसी जानकारी की गुप्त सूचना देना भी शामिल है, ताकि वह इसका व्यापार कर सकें – हमारी कंपनी केबा हर केकिसी व्यक्ति को खुलासा नहीं करना चाहिए, इन व्यक्तियों में आपके परिवारजन और मित्र भी शामिल हैं। Mastercard केभीतर भी आप केवल "आवश्यकता-के-आधार पर" ही इसका खुलासा कर सकते हैं।

ऐसी व्यापारिक गतिविधि में शामिल न हों, जो Mastercard में लंबी-अवधि केनिवेश केसाथ असंगत हो या ऐसी गतिविधियाँ जो Mastercard केस्टॉक केबाज़ार मूलय में गिरावट को रोकने या समायोजित करने के लिए की जाती है।

परश पूछें। यदि आप अनिश्चित हों, तो हमारी इनसाइडर टटेडिंग नीति और इनसाइडर टटेडिंग पर्ररियाओ की समीकषा करें या कॉपवोरेट सचिव अथवा कानून विभाग के ज़रिए सुरकषा काउनेल से संपकम करें।

कुछे कममचारियों पर कुछे निश्चित वयापारिक परतिबंध लग सकते है, जिनमें टेटडिंग विंडो या हमारी इनसाइडर टटेडिंग नीति के अनुसार आवशयक अग्रिम-सवीकृति शामिल है।

हम एक स्वर में संवाद करते हैं

यह बेहद महत्वपूर्ण है कि संपूर्ण व्यवसाय में समनुरूप रहने केलिए और हमारी प्रतिष्ठा और ब्रांड की रक्षा के लिए Mastercard “एक स्वर” में संवाद करे।

हमारी नीति

बाहरी व्यक्तियों को सुसंगत और सटीक जानकारी देना हमारी प्रतिष्ठा केलिए अत्यंत आवश्यक है और यह हमारे नियामक और कानूनी दायित्वों की पूर्ति केलिए जरूरी है। केवल अधिकृत Mastercard प्रतिनिधि ही Mastercard की ओर से पारंपरिक और सोशल मीडिया से या बाहरी कार्यक्रमों, सम्मेलनों, औद्योगिक ट्रेडशो, या मंचों पर बात कर सकते हैं।

आपके दायित्व

हमारी कॉपवोरेट संचार नीति को जानें और उकसा पालन करें।

मीडिया या उद्योग विश्लेषकों की ओर से की जाने वाली पूछताछ का जबाव न दें। किसी भी संबंधित कॉल या ईमेल को कॉर्पोरेट संचार विभाग या क्षेत्रीय संचार दल को भेजें। इसमें आधिकारिक Mastercard क्षमता और किसी दिए गए विषय पर "उद्योग विशेषज्ञ" दोनों की हैसियत से संपर्क शामिल है।

मीडिया के लोगों तक Mastercard के प्रतिनिधि केतौर पर अति-सक्रियता के साथ संपर्क न करें। कृपया कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस की व्यक्तिगत सामग्री में किसी भी संभावित Mastercard संदर्भ का पूर्वावलोकन करें।

वितदीय समुदाय की ओर से किए गए सभी संकपतों और जवाबों को निवेकश संबंध विभाकगो भेजा जाना चाहिए।

सोशल मीडिया का उपयोग हमारी सामाजिक मा मि नीति का अनुपालन करते हुए ज़िम्मेदारी, शिषटता और पारदरशता के साथ करें।

- Mastercard में ज्ञात हुई गोपनीय जानकारी के बारे में किसी को भी न बताएँ
- अपने व्यक्तिगत सामर्थ्य में Mastercard के किसी प्रोग्राम पर टिप्पणी करते समय या Mastercard के किसी उत्पाद या सेवा का प्रचार करते समय खुद की कर्मचारी के तौर पर पहचान करवाना सुनिश्चित करें

 ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।

निष्कर्ष

आपसे ही सत्यनिष्ठा का आरंभ होता है।

ऐसे हालात भी पैदा हो सकते हैं जब आपको, क्या नैतिक और उचित है, इस बारे में कठोर निर्णय लेने पड़ें। यह संहिता और कम्पनी की अन्य नीतियाँ आपका मार्गदर्शन करेंगी। यदि यह संसाधन आपके प्रश्न का प्रत्यक्ष रूप से उत्तर नहीं देते हैं, तो आपको संहिता और कम्पनी की अन्य नीतियों का अक्षरशः पालन करना चाहिए।

अपने विवेक का उपयोग करें। खुद से पूछें:

यदि अभी भी आप अनिश्चित हैं, तो कृपया अपने प्रबंधक, मुख्य अनुपालन अधिकारी, वैश्विक आचारनीति और अनुपालन दल के किसी सदस्य, जनरल काउंसेल, कानून विभाग के किसी अधिवक्ता, कर्मचारी संबंध विभाग, या अपने पीपुल बिज़नेस पार्टनर से परामर्श लें।

संसाधन

कोई प्रश्न है? वैश्विक आचारनीति और अनुपालन टीम आचार संहिता के बारे में या संहिता के संभावित उल्लंघनों के बारे में आपकी किसी भी चिंता के विषय में चर्चा करने के लिए उपलब्ध है। अधिक जानकारी या मुख्य संपर्कों के लिए कृपया अनुपालन कोना वेब पृष्ठ पर जाएँ।

चुप न रहें! कानून, इस आचार संहिता या कंपनी की अन्य नीतियों के संदिग्ध या संभावित उल्लंघन की सूचना निम्नलिखित को दें:

- **आपके प्रबंधक**
- **मुख्य अनुपालन अधिकारी**
- **आपके क्षेत्र अनुपालन प्रमुख**
- **वैश्विक आचारनीति और अनुपालन टीम का कोई भी सदस्य**
- **जनरल काउंसेल**
- **कानून विभाग का कोई भी अटर्नी**
- **कर्मचारी संबंध**
- **आपका पीपुल बिज़नेस पार्टनर**
- **आचारनीति हेल्पलाइन, जहाँ गुमनाम रूप से सूचनाएँ दी जा सकती हैं (कानून की अनुमति के अनुसार)*; देश-विशेष की डायलिंग हिदायतों तक आसानी से पहुँचने या वेब-आधारित रिपोर्टिंग टूल के द्वारा रिपोर्ट बनाने के लिए www.Mastercard.ethicspoint.com पर जाएँ**

***स्थानीय गोपनीयता और डेटा सुरक्षा कानूनों के कारण आचारनीति हेल्पलाइन की उपलब्धता प्रतिबंधित या सीमित हो सकती है।**

आचारनीति हे पलाइन का उपयोग करके प्र न पूछें और चिंताओं के बारे में बताएँ। देश-विशि डायलि निददेश प्राप्त करने के लिए या वेब-आधारित सूचना देने के लिए www.mastercard.ethicspoint.com पर आएँ। ©2025 Mastercard. सर्वाधिकार सुरक्षित।